# शासन सचिव ने किया मेवाड़ विश्वविद्यालय का दौरा



गंगरार। शसन सचिव मेवाड़ कॉलेज का दौरा कर जानकारी लेते हुए।

**गंगरार।** शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने शनिवार को मेवाड़ विश्वविद्यालय का दौरा किया। उपकुलपति आनन्दवर्धन शुक्ला ने शासन सचिव का स्वागत कर नवाचारों के बारे में बताया। डॉ. समित शर्मा ने विद्यार्थियों से एक लक्ष्य को ध्यान में रखकर अपनी शिक्षा को पूर्ण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मेवाड़ शिक्षा समिति के अध्यक्ष गोविन्द गदिया, के. एस. राणा, डीके शर्मा, दीप्ति शास्त्री आदि उपस्थित थे।

## शासन सचिव ने मेवाड़ विश्वविद्यालय का अवलोकन किया

# विद्यार्थी लक्ष्य बनाकर शिक्षा को पूर्ण करें: डॉ. समित शर्मा

गंगरार, 8 जनवरी (जसं.)। सामाजिक न्याय अधिकारिता एवं जनजाति क्षेत्र विकास विभाग राजस्थान के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने शनिवार को मेवाड़ विश्वविद्यालय का अवलोकन किया।



इस दौरान डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए मेवाड़ की धरती की महानता को एक कविता के माध्यम से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को एक महान लक्ष्य को ध्यान में रखकर अपनी शिक्षा को पूर्ण करने का सन्देश देते हुए कहा कि महान व्यक्तियों को आदर्श मानकर अपने जीवन की सम्भावनाओं को तलाशने, उन्हे पूरा करने के लिये दृढ़ विश्वास और लगन के साथ मेहनत करें। उन्होंने महात्मा बुद्ध एवं भगवान राम से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि दुनिया में प्रेम की शक्ति सबसे बड़ी होती है। उन्होंने मेवाड़ विश्वविद्यालय प्रबन्धन को इस पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर साधुवाद ज्ञापित किया एवं विद्यार्थियों को समझाया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित न होकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने के लिये अग्रसर होना है।

प्रारंभ में उपकुलपति आनन्दवर्धन शुक्ला ने शासन सचिव डॉ. समित शर्मा का स्वागत किया तथा कलक्टर रहने के दौरान किये गये उत्कृष्ट कार्यों, उनके सौम्य व्यवहार एवं विभिन्न क्षेत्रों में किये गये नवाचारों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में मेवाड़ शिक्षा समिति के अध्यक्ष गोविन्द गदिया, विश्वविद्यालय के कुलपति केएस राणा, प्लेसमेन्ट विभाग के डायरेक्टर हरिश गुरनानी, डीन अकादमिक डीके शर्मा, उपरजिस्ट्रार दीप्ती शास्त्री, विभिन्न संकायों के प्राध्यापकगणों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**आयोजन** • जनजाति क्षेत्र विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा आए

# महान व्यक्तियों को आदर्श मानकर ही जीवन की संभावनाएं तलाश करें: शर्मा

**शिक्षा की खबर**

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़



सामाजिक न्याय अधिकारिता एवं जनजाति क्षेत्र विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने मेवाड़ विश्वविद्यालय का दौरा किया। डॉ. समित शर्मा के सम्मान में हुए समारोह के प्रारंभ में उपकुलपति आनन्दवर्धन शुक्ला ने आभार व्यक्त किया तथा शर्मा के चित्तौड़गढ़ कलेक्टर रहने के दौरान किए कार्यो व नवाचारों के बारे में बताया।

डॉ. समित शर्मा ने मेवाड़ की धरती की महानता को एक कविता के माध्यम से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को एक महान लक्ष्य को ध्यान में रखकर अपनी शिक्षा को पूर्ण करने का संदेश देते हुए कहा कि महान व्यक्तियों को आदर्श मानकर जीवन की संभावनाओं को तलाशने और उन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ विश्वास और लगन के साथ मेहनत करने का संदेश दिया। एक विद्यार्थी ने डॉ. शर्मा से उनके आदर्श के बारे में पूछा तो गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का नाम लिया। उन्होंने मेवाड़ विश्वविद्यालय प्रबंधन को इस पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर साधुवाद ज्ञापित किया। मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष गोविंद गदिया, विश्वविद्यालय के कुलपति केएस राणा, प्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी, डीन अकादमिक डीके शर्मा, उपरजिस्ट्रार दीप्ति शास्त्री एवं विभिन्न संकायों के प्राध्यापकों व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मेवाड़ यूनिवर्सिटी में हुए विद्यार्थियों के साक्षात्कार



**चित्तौड़गढ़**| मेवाड़ यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए साक्षात्कार हुआ। इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों के लिए जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से निकुंज पटेल और उनकी टीम द्वारा साक्षात्कार लिए गए। जिसमें सिविल, मैकेनिकल, केमिकल एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी ने बताया कि विद्यार्थियों को नई तकनीकों से रूबरू कराने के लिए देश के विभिन्न राज्यों में स्थित ख्यातनाम प्रशिक्षण केंद्रों जैसे इंडो जर्मन टूल रूम्स, सीपैट, एबीटीआरसी, सीएमसी, एडवांस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, सेन्ट्रल टूल रूम आदि में भेजा जाता रहा है।